भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3319**

**16.12.2024 को उत्तर के लिए**

**क्रूज़ भारत मिशन का पर्यावरणीय आकलन**

**3319. श्री सुदामा प्रसादः:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा क्रूज़ भारत मिशन से संवहनीय पर्यटन व्यवहार का संवर्धन और पर्यावरणीय अवनति का न्यूनीकरण सुनिश्चित करने के लिए कार्यान्वित क्या विशिष्ट उपाय किए गए है;

(ख) क्रूज़ भारत मिशन के अंतर्गत समुद्री पारिस्थितिक तंत्र पर बढ़ते क्रूज़ पर्यटन के संभावित प्रभावों का मूल्यांकन करने के लिए किए गए पर्यावरणीय आकलन का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्रूज़ भारत मिशन द्वारा पर्यावरणीय स्थिरता के साथ पर्यटन विकास को संतुलित किया जाना सुनिश्चित करने के लिए क्या तंत्र विद्यमान है; और

(घ) सरकार द्वारा क्रूज भारत मिशन के अंतर्गत विद्यमान पर्यावरणीय विधियों के अनुपालन में क्रूज़ संचालन के पर्यावरणीय प्रभाव को विनियमित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

**उत्तर**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री**
**(श्री कीर्तवर्धन सिंह)**

**(क) से (घ)** 'क्रूज़ भारत मिशन' को पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय द्वारा दिनांक 30 सितंबर, 2024 को शुरू किया गया था। इस मिशन का लक्ष्य वर्ष 2029 तक समुद्री क्रूज पर्यटकों की संख्या को 10 लाख तक बढ़ाना है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को 'भारत क्रूज़ मिशन' के तहत अब तक कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। पर्यावरण और सीआरजेड मंजूरी प्रदान करने के सभी प्रस्तावों की जांच ईआईए अधिसूचना, 2006 और सीआरजेड अधिसूचना 2011/2019 के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार की जाती है।

*****